श्रद्धासुमन

गाय की रक्षा एवं मांसाहार के विरूद्ध संघर्ष में अपना जीवन समर्पित करने वाले

गौ रक्षक एवं पत्रकार

स्व.श्री राजेन्द्र कुमार जी पाराशर

जन्म : 16 अप्रैल, 1948 देवलोक : 24 मई, 1982

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी विज्ञापनों एवं निविदा हेतु मान्यता प्राप्त
ग्रामीण अंचल की खबरों का प्रमुखता से प्रकाशन करने वाला राष्ट्रीय समाचार-पत्र

डाक पंजीयन संख्या :RA/AJ/45/2021-2026
आर.एन.आई.संख्या :RAJHIN/2004/12327

गाँव-ढ़ाणी की खबर
आवाज़ राजस्थान की
साप्ताहिक

सम्पादक : विजय कुमार पाराशर मोबाईल-9414302519

गाँव-ढ़ाणी की आवाज़
आवाज़ राजस्थान की
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की सम्पूर्ण जानकारी के लिए पढ़ीए साप्ताहिक आवाज़ राजस्थान की
सदस्य शुल्क 260/- वार्षिक, स्मारिका सहित 1100/-
आवाज़ राजस्थान की अब YouTube उपलब्ध है। awazrajasthanki WhatsApp twitter
website : www.awazrajasthanki.com
कार्यालय का पताः- द्वितीय तल-पाराशर बिल्डिंग, मामा की दुकान, फॉयसागर रोड़, अजमेर (राज.)
e-mail: awazrajasthanki2004@gmail.com, awazrajasthanki@yahoo.com
Mob.: 9414302519, 8112213839
ग्राम पंचायत के विकास के लिए समर्पित आपका अपना समाचार-पत्र

वर्ष 21 | अंक 04 | साप्ताहिक | अजमेर, गुरुवार 11 अप्रैल 2024 | मोबाइल : 94143 02519 | वार्षिक मूल्य : 260 रुपये | एक प्रति 5 रु. पांच रुपया | कुल पृष्ठ संख्या : 04

अजमेर लोक सभा आम चुनाव में तीन प्रत्याशियों की नाम वापसी के बाद अब 14 प्रत्याशी मैदान में

मुख्य मुकाबला भाजपा के भागीरथ चौधरी तथा कांग्रेस के रामचन्द्र चौधरी के बीच

ARK अपने संसदीय क्षेत्र की हर खबर awazrajasthanki.com अजमेर लोकसभा क्षेत्र
अजमेर लोकसभा क्षेत्र का
कौन जीतेगा रण !
VS
AWAZ RAJASTHAN KI

अजमेर *(ARK News)* । लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए निमा निदेशक पत्र वापस लेने की समय सीमा में तीन अभ्यर्थियो द्वारा नामाकन वापस लेने के बाद अब लोकसभा क्षेत्र की तस्वीर पुरी तरह साफ हो गई है। अब केवल मैदान में 14 उम्मीदवार ही चुनाव लडेंगे।

मुख्य मुकाबला भाजपा के भागीरथ चौधरी तथा कांग्रेस के रामचन्द्र चौधरी के बीच होने की सम्भावना है। दोनों ही राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी जाट समाज से है। भागीरथ चौधरी पूर्व में विधायक तथा वर्तमान में सांसद है।

वहीं कांग्रेस के रामचन्द्र चौधरी काफी लम्बे समय से अजमेर सरस डेयरी के चैयरमेन है। ऐसे में इस बार बम्बर मतदान होने की सम्भावना है। पुष्कर में भागीरथ चौधरी के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभा कर चुके है। वहीं रामचन्द्र चौधरी गाँव-गाँव जाकर व्यक्तिगत जनसम्पर्क कर रहे हैं। अब देखना होगा की ऊँट किस करवट बैठता है। फिलहाल सभी प्रत्याशी आगामी 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए अपील मतदाताओं से करते नजर आ रहे है।

पार्टी	चुनाव चिन्ह	प्रत्याशी का नाम	पार्टी	चुनाव चिन्ह	प्रत्याशी का नाम
भारतीय जनता पार्टी		भागीरथ चौधरी	इण्डियन नेशनल कांग्रेस		रामचन्द्र चौधरी
बहुजन समाज पार्टी	चुनाव चिन्ह ब. स. पा	रामदेव	निर्दलीय	चुनाव चिन्ह चारपाई छाप	प्रेमलता
आज़ाद समाज पार्टी काशीराम	ASP केतली आज़ाद समाज पार्टी	जितेन्द्र बोयत	निर्दलीय	चुनाव चिन्ह ईंट	भँवरलाल सोनी
भारतीय युवा जन एकता पार्टी-हीरा	हीरा	मुकेश गैना	निर्दलीय	चुनाव चिन्ह बांसुरी	युसुफ
अखिल भारतीय आमजन पार्टी-गुब्बारा	गुब्बारा	रामलाल	निर्दलीय	चुनाव चिन्ह मोतियों का हार	विश्राम बाबू
नेशनल फ्यूचर पार्टी ऑटो रिक्शा	ऑटो रिक्शा	शहाबुद्दीन	निर्दलीय	चुनाव चिन्ह कम्प्युटर	सत्यनारायण माली
निर्दलीय	चुनाव चिन्ह लैटर बॉक्स	दया मोहन गर्ग	निर्दलीय	चुनाव चिन्ह तरबूज	सुरेन्द्र सिंह राणावत

अजमेर लोकसभा क्षेत्र कहां कितने मतदाता

दूदू विधानसभा क्षेत्र

पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल	मतदान केंद्र
131220	123421		254641	270

किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र

पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल	मतदान केंद्र
145832	138143	2	283977	277

पुष्कर विधानसभा क्षेत्र

पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल	मतदान केंद्र
129517	123635	1	253153	244

अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल	मतदान केंद्र
106024	105203	15	211242	195

अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र

पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल	मतदान केंद्र
106167	106093	1	211839	188

नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र

पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल	मतदान केंद्र
119365	115072	3	234440	233

मसूदा विधानसभा क्षेत्र

पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल	मतदान केंद्र
139505	134467	2	273974	280

केकड़ी विधानसभा क्षेत्र

पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल	मतदान केंद्र
133654	130045	1	263700	269

लोकसभा आम चुनाव 2024-अभ्यर्थियों एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

लोक सभा आम चुनाव के सम्बन्ध में दी जानकारी

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर *(ARK News)* । लोकसभा आम चुनाव-2024 में अभ्यर्थियों को प्रतीक आंवटन के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चुनाव सम्बन्धी आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए बैठक आयोजित हुई। यह बैठक सामान्य पर्यवेक्षक के. मन्जूलक्ष्मी आईएएस, चुनाव पुलिस पर्यवेक्षक डी. नरसिम्हा किशोर आईपीएस एवं व्यय पर्यवेक्षक आर. भूपति आईआरएस की उपस्थिति में हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने कहा कि निर्देशन पत्र वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने के पश्चात निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में लोकसभा आम चुनाव के सम्बन्ध में जानकारियां प्रदान की गई। अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय लेखों के रखरखाव के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के बारे में विस्तापूर्वक बताया गया। निर्वाचन व्यय सीमा 95 लाख में ही व्यय किया जाए। निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर के सफेद रंग पर रोजमर्रा के हिसाबए गुलाबी रंग पर नगदी तथा पीले रखने पर बैंक के हस्तान्तरण की जानकारी देनी होगी। सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया में किसी एक व्यक्ति अथवा फर्म को अधिकतम 10 हजार की ही नगदी दी जा सकती है। बैंक खाता निर्देशन पत्र जमा कराने से लेकर चुनाव परिणाम जारी होने तक उपयोग में लिया जाएगा। लेखों की समय-समय पर जांच भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तार यंत्रो का उपयोग सक्षम अनुमति के पश्चात ही किया जाए। समस्त अभ्यर्थियों एवं समर्थकों को आदर्श आचार संहिता की पालना करनी चाहिए। एकल खिड़की के माध्यम से समस्त प्रकार की अनुमतियां ऑनलाईन जारी की जाएगी। सुविधा एनकॉर पोर्टल पर डेमो भी दिया गया। जिले में पचास प्रतिशत मतदान बूथों की वेबकास्टिंग की समस्त व्यवस्थाएं मतदान के दो दिन पूर्व तक पूर्ण की जाएगी।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार गौतम, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार, अभ्यर्थी सुरेन्द्र सिंह राणावत, विश्राम बाबू, प्रेमलता, दया मोहन गर्ग अभ्यर्थी प्रतिनिधि शैलेन्द्र अग्रवाल, महेन्द्र चौधरी, रणवीर सिंह सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दस न्याय की गारंटी, वादों की लगाई झड़ी

आम चुनाव-2024 : कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर *(ARK News)* । देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस की ओर से आम चुनाव-2024 के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया गया। पार्टी ने इसे 'न्यायपत्र 2024' नाम दिया है। पार्टी की ओर से युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों और किसानों के लिए कई वादे किए गए हैं। पार्टी ने वादा किया है कि जब वह सत्ता में आएगी तो संवैधानिक न्याय, आर्थिक न्याय, राज्य न्याय, रक्षा न्याय और पर्यावरण न्याय के लिए भी पूरी शिद्दत से काम करेगी। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मंच पर मौजूद रहे। इसके अलावा कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, पार्टी महासचिव, प्रदेश प्रभारियों समेत वरिष्ठ पार्टी नेता भी मौजूद रहे।

हिस्सेदारी न्याय

कांग्रेस ने समाज के तहत अलग-अलग वर्ग के लिए हिस्सेदारी और न्याय करने का वादा किया है। इसके तहत सामाजिक, आर्थिक और जातीय जनगणना का वादा किया गया है। सविधान में संशोधन के जरिए एससीए एसटी एवं ओबीसी आरक्षण की सीमा 50 फीसदी को हटाने का वादा किया गया है। साथ ही एससी एवं एसटी के लिए उनकी जनसंख्या के आधार पर विशेष बजट की बात कही गई है। जहां एसटी की आबादी सबसे अधिक है। उन्हें अनुसूचित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाएगा।

किसान न्याय

किसानों के लिए एमएसपी कानूनी गारंटी, कर्जमाफी के लिए स्थायी आयोग का गठन, फसल नुकसान के 30 दिन के भीतर बीमा भुगतान की गारंटी, किसानों को लाभ पहुंचाने वाली आयात-निर्यात नीति और कृषि इनपुट पर कोई जीएसटी नहीं लेने का वादा किया गया है।

युवा न्याय

पार्टी ने युवा मतदाताओं को लुभाने के लिए 30 लाख नई सरकारी नौकरियां, एक साल की अप्रेंटिसशिप, पेपर लीक के खिलाफ कानून लाने, बेहतर कार्य परिस्थितियां और पांच हजार करोड़ रुपए का स्टार्टअप फंड लाने का वादा किया है।

आर्थिक, राज्य, रक्षा, पर्यावरण और संवैधानिक न्याय

आर्थिक न्याय का वादा भी किया है। समाज के सभी वर्गो का समान रूप से ध्यान रखे जाने का वादा किया गया है। राज्य न्याय के तहत कांग्रेस ने राज्यों को उनका अधिकार देने का वादा किया है। रक्षा न्याय के तहत कांग्रेस ने रक्षा क्षेत्र और सेना को लेकर भी कई वादे किए हैं। कांग्रेस ने पर्यावरण को लेकर भी कई वादे किए। हैं। संवैधानिक न्याय के तहत सख्त कानूनों को हटाने और लोगों को कई संवैधानिक अधिकार देने की बात कही हैं।

नारी न्याय

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं के लिए भी कई वादे किए हैं। गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपए प्रति वर्ष देने, केन्द्र सरकार की नौकरियों में 50 फीसदी महिला आरक्षण देनेए आशा, आंगनबाड़ी एवं मिड-डे-मील कर्मियों के लिए केन्द्र सरकार का योगदान दो गुना करने, दो गुनी छात्रावास सुविधा देने का श्वादा किया गया है।

श्रमिक न्याय

श्रमिकों के लिए पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा देने का वादा, न्यूनतम वेतन 400 रुपए प्रतिदिन करने, शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी अधिनियम लाने, जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा कराने और सरकारी सेवाओं में संविदा व्यवस्था बंद करने का वादा किया गया है।

लोकसभा आम चुनाव 2024

अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय का होगा तीन बार निरीक्षण

अजमेर *(ARK News)* । निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत चुनाव अवधि में सभी अभ्यर्थियों द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय लेखा पंजिका का कम से कम तीन बार निरीक्षण किया जाएगा।

निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ के प्रभारी सूर्यकान्त शर्मा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित द्वारा निरीक्षण 13 अप्रेल, 19 अप्रेल एवं 24 अप्रेल को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक कलक्ट्रेट परिसर में उपकोष पेंशन कार्यालय के सामने कोषालय रिकॉर्ड रूम प्रथम तल पर निर्धारित किया गया है। इसमें सभी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं निर्वाचन व्यय अभिकर्ताओं को मूल पंजिका, मूल वाउचर, बैंक पासबुक आदि रिकॉर्ड के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। निरीक्षण के लिए रिकॉर्ड प्रस्तुत करने में असफल होने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 77 के उल्लंघन माना जाएगा।

लोकसभा चुनाव 2024
VOTE

सम्पादकीय

नज़र जो देखे कलम करे उसे बयां

विजय कुमार पाराशर
सम्पादक
मोबाईल : 94143 02519
E-mail : awazrajasthanki2004@gmail.com

विकास कार्यों की नियमित जाँच एवं योजनाओं का भौतिक सत्यापन

केन्द्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के माध्यम से अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। साथ ही सभी विभाग भी अपने-अपने विभागों की योजनाओं के माध्यम से आमजन को राहत एवं सुविधा देने के लिए कार्य कर रहे हैं।

इन सबके बावजूद देखा जाता है कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक नहीं पहुंच पाता। अक्सर नेता और अफसर कहते हैं कि योजनाओं का लाभ अन्तिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति को मिले। इसके लिए प्रयास करने होंगे आखिर योजना का लाभ अन्तिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक क्यों नहीं पहुंच रहा? इसके पीछे मुख्य कारण विकास कार्यों की जाँच में लापरवाही एवं योजना की क्रियान्वति कि समीक्षा में खाना पूर्ति है अधिकारी एसी के कमरे में बैठकर वीसी के माध्यम से ही समीक्षा कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। फील्ड में जाकर योजनाओं का भौतिक सत्यापन नहीं करते। उसी का परिणाम है कि आज भी सरकार की अधिकांश योजना की जानकारी आमजन को नहीं है।

प्रचार-प्रसार में भी खानापूर्ति की जाती है योजनाओं के संचालन में अनेक बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहला योजना किसके लिए है, लाभार्थी कौन है तथा योजना का लाभ लाभार्थी तक कैसे पहुंचे इसके लिए प्लान बनाना चाहिये फिर योजना का लाभ लेने वाले आवेदक की पात्रता की सही जाँच हो उसके बाद योजनाओं से सम्बन्धित लाभ लाभार्थी को मिले।

इस पूरी प्रक्रिया को लेकर अधिकारी को अपना उत्तरदायित्त्व ईमानदारी से निभाना चाहिये। विकास कार्यों की बाते करें तो कार्य स्वीकृति से पूर्व कार्य की उपयोगिता के बारे में समीक्षा की जानी चाहिये। कार्य स्वीकृति के बाद कार्य के दौरान गुणवकत्ता का ख्याल रखा जाना चाहिये तथा कार्य पूर्ण के बाद भौतिक सत्यापन किया जाना चाहिये। ग्राम पंचायतों में निरीक्षण होना चाहिए। लेकिन यह भी सुनिश्चित हो की। वहाँ पर प्रर्याप्त स्टॉफ हो अधिकारी निरीक्षण पर तो जाते हैं परन्तु निरीक्षण के बाद क्या कार्यवाही होती है यह किसी को बताया नहीं जाता। इसके पीछे मानसिकता यह है कि कहीं ना कहीं निरीक्षण के नाम पर चौथ वसूली की जा रही है।

अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करना चाहिये। साथ ही कार्य शुरू होने से आखिर तक पंचायत समिति में लगे सहायक विकास अधिकारी को सहयोग करना चाहिये। पंचायत समिति के तकनीकि अधिकारी जेटीए, जेईएन व एईएन को भी समय-समय पर निर्माण कार्यों की जाँच कर उचित मार्गदर्शन देना चाहिये। परन्तु जब जिला स्तरीय अधिकारी जाता है तो वह अकेले ग्राम विकास अधिकारी को ही दोषी मानते हुए डराते-धमकाते हुए कार्यवाही की बात तक हता है। आखिर जिम्मेदारी सबकी है। ग्राम विकास अधिकारी सबको अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिये।

परन्तु आज के आधुनिक युग में अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए टेण्डर के माध्यम से कार्य करवाते हैं तथा बड़े-बड़े वातानुकूलित कमरों में बैठकर वीसी के माध्यम से ही योजनाओं की समीक्षा कर लेते है। ऐसे में विकास कार्य गुणवकत्ताहीन होते है। साथ ही योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थी को नहीं मिल पाता। अधिकारियों को फील्ड में जाना चाहिये। इसके लिए उत्तरदायित्त्व तय हो।

विजय कुमार पाराशर
-सम्पादक

लोकसभा आम चुनाव-2024

बुथ अवेयरनेस ग्रुप सदस्य व बीएलओ की कार्यशाला आयोजित

Website:awazrajasthanki.com

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर *(ARK News)*। लोकसभा आम चुनाव 2024 जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, विधानसभा क्षेत्र अजमेर उत्तर गजेन्द्र सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 26अप्रैल के लिए बुथ अवेयरनेस ग्रुप भाग संख्या 67 से लेकर 194 तक के बुथ अवेयरनेस ग्रुप सदस्य व बीएलओ की कार्यशाला का आयोजन सुचना केंद्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप कार्यक्रम किया गया। इसमें लगभग 500 बुथ अवेयरनेस ग्रुप (बैग) सदस्य एवं बीएलओ मौजूद रहे। कार्यशाला में बूथ अवेयरनेस ग्रूप के सदस्यों को मतदान दिवस पर मतदाता को बुथ पर लाकर वोट के लिए जागरूक करना है।

स्वीप प्रभारी मीना शर्मा ने वीएच एप डाउनलोड करना व मतदाता सूची में अपना नाम खोजने की प्रक्रिया को समझाते हुए बैग सदस्यों को जहां महिला मतदाताओं को प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। प्रोटोकॉल अधिकारी अजमेर जिला अपूर्वा परवाल ने मतदान की शपथ दिलवाई एवं सभी कार्यशाला सदस्यों से कार्य के प्रति लगन और निष्ठा रखने के लिए कहा। सभी मतदाताओं ने पूर्ण संकल्प लेने के साथ कहा कि अपने परिवार के प्रत्येक मतदाता से वोट दिलवा कर एक वोलेंटियर के रूप में आस-पास के सभी मतदाताओं को मतदान के लिए मतदान केंद्र पर जाकर वोट डलवाने का काम करेंगे।

स्वीप सहायक प्रभारी सुरेश कुमार द्वारा वोटर आईडी के अलावा वोट डालने के लिए मान्य 12 दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई। जिला यूथ आइकन रवि बंजारा द्वारा दिव्यांग मतदाता के लिए सक्षम एप की जानकारी दी गई। स्वीप प्रभारी मीना शर्मा एवं लोयंस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र गांधी व स्वीप टीम के सभी सदस्यों द्वारा पोस्टकार्ड पर मतदान अपील कर पोस्टकार्ड वितरण किए। स्वीप सदस्य शिवराज मेघवंशी ने इवीएम मशीन का कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। गजेन्द्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अजमेर के निर्देशन में अजमेर उत्तर में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। सभी बैग सदस्य मतदाताओं ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र के इन कार्यों की दिल से प्रशंसा की।

इस अवसर राजेन्द्र गांधी, आभा गांधी शिवचरण चौधरी, भवानी सिंह, दीपक शर्मा, रेखा त्रिपाठी, सुरेश कुमार, शिवराज मेघवंशी, रामलाल कुमावत, ओमप्रकाश फुलवारी भावना शर्मा, अंजू वर्मा, मय टीम एवं अन्य ईआरओ नॉर्थ स्टाफ आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

लोकसभा आम चुनाव-द्वितीय प्रशिक्षण 14 अप्रेल से

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर *(ARK News)*। लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए गठित मतदान दलों के कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण रविवार 14 अप्रेल से आयोजित होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए समस्त मतदान दलों के पीआरओ, पीओ-1, पीओ-2 के एक दिन दिवसीय एवं पीओ-3 का अर्द्ध दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 14 अप्रेल से 19 अप्रेल तक प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर प्रशिक्षणार्थियों को समूह में मतदान ईवीएम एण्ड वीवीपीएटी, ईडीसी एण्ड पोस्टल बैलेट सम्बन्धी सघन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण गुणवतापूर्ण एवं व्यवस्था सुचारू करने करने के लिए पर्यवेक्षक अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए है। प्रशिक्षण स्थल सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर के लिए प्रशिक्षु आईएएस सुश्री श्रृद्धा गोमे, तहसीलादार पीसांगन श्री रामकिशोर एवं तहसीलदार मसूदा श्याम लाल आमेटा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा अजमेर के लिए उपायुक्त (प्रशासन) नगर निगम अजमेर श्रीमती राजलक्ष्मी गहलोत एवं तहसीलदार किशनगढ़ अजीत बुन्देल, महाराजा अग्रसेन पब्लिक विद्यालय जेएलएन मेडिकल कॉलेज के पास अजमेर के लिए सहायक कलक्टर (मुख्यालय) अजमेर मोनिका एवं भू-प्रबन्धक अधिकारी (प्रथम) अजमेर श्री दिनेश कुमार साहू, राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अजमेर के लिए उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर श्री सूर्यकान्त शर्मा एवं नायब तहसीलदार द्वितीय अजमेर मो. रफीक शेख तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वैशाली नगर अजमेर के लिए एसीईओ जिला परिषद अजमेर प्रियंका तलानिया एवं नायब तहसीलदार पुष्कर नीलम राठौड़ को नियुक्त किया गया है।

दिव्यांग मतदान दलों का प्रशिक्षण होगा अग्रसेन स्कूल में

अजमेर *(ARK News)*। लोकसभा आम चुनाव-2024 में दिव्यांग प्रबन्धित मतदान बूथों पर तैनात दिव्यांगों का प्रशिक्षण अग्रसेन स्कूल में आयोजित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार गौतम ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के अन्तर्गत प्रत्येक विधानसभा में एक दिव्यांग मतदान दल का गठन निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार किया गया है। इन मतदान दलों के एक दिवसीय दो प्रशिक्षण आयोजित होंगे। प्रथम प्रशिक्षण 12 अप्रेल को तथा द्वितीय प्रशिक्षण 19 अप्रेल प्रातः 9.30 बजे से महाराजा अग्रसेन पब्लिक विद्यालय जेएलएन मेडिकल कॉलेज के पास अजमेर में आयोजित होगा।

लोकसभा आम चुनाव 2024

वरिष्ठ नागरिक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

Website:awazrajasthanki.com

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर *(ARK News)*। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के सयुंक्त तत्वाधान में गंज घाटी वार्ड 8में वरिष्ट नागरिक मतदाता जागरूकता के लिए चुनाव का पर्व देश का गर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दोरान 80 से 90 वर्ष की 29 बुजुर्ग महिलाओ ने अपनी सक्रीय सहभागिता दी। इसमें वृद्धजन महिलाओं को मतदान के लिए सादर आमंत्रित करने के लिए संस्था की और से आमंत्रण पत्र भी प्रदान किए गए।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक अनिल व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओ को 26अप्रैल को मतदान जरूर करने को जागरूक किया गया। अपने मतदान से हम अच्छे उम्मीदवार का चयन अपने देश के विकास के लिए कर सकते हैं तथा आपको अनिवार्य रूप से मतदान करना हैं। कार्यक्रम में सभी वृद्धजन को मतदान के लिए निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गयी। गंज बस्ती में वृद्धजन महिलाओ और पुरुषों को घर-घर जाकर भी मतदान आमंत्रण पत्र वितरण किए गए। इसमे सभी से अपील की गई की अपने मत का उपयोग देश हित में जरुर करें।

पहला कदम बेहतर भविष्य की ओर शिक्षा ऐसी हो कि काम आए जीवनभर

श्री कल्याण गुरुकुल एकेडमी ग्राम-डिग्गी, तहसील-मालपुरा, जिला-टोंक

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

कहा जाता है मजबूत नींव बुलंद इमारत की निशानी होती है....इसीलिये बचपन से ही अपने नन्हें मुन्नों की नींव यदि मजबूत करेंगे तो बेशक उनका भविष्य सुनिश्चित एवं चमकदार होगा.....क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें सर्वांगीण विकास के साथ प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

जिस प्रकार एक माली विभिन्न फूलों को एकत्रित कर सुन्दर गुलदस्ता बनाता है। उसी प्रकार बच्चों को एक छत के नीचे बैठाकर सुसंस्कारित व उच्च शिक्षा देकर बच्चों के भविष्य को संवारने का बीड़ा उठाया है श्री कल्याण गुरुकुल एकेडमी ने स्कूल के संचालकगण ने बताया कि पीजी से कक्षा 8वीं तक अंग्रेजी माध्यम में संचलित श्री कल्याण गुरुकुल एकेडमी ग्राम पंचायत डिग्गी, तहसील मालपुरा में संचलित है।

विद्यालय का उद्देश्य बालकों में शिक्षा के साथ सर्वांगीण कृत संकल्पित है। श्री कल्याण गुरुकुल एकेडमी डिग्गी-मालपुरा क्षेत्र का एकमात्र आधुनिक तथा सर्वोत्तम विद्यालय है जहाँ बच्चों को नवीन प्रयोगात्मक पद्धति से पढ़ाया जाता है। हर बच्चा अपने-आप में खास है उसकी रूचि, उम्र और क्षमता को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताऐं निश्चित की जाती है। शिक्षा ही वह माध्यम जो मानव के जीवन का नवीन दिशा प्रदान करती है।

अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर अत्यधिक चिन्तित रहते है, क्योंकि शिक्षण संस्थाओं का चयन भी अत्यन्त दुर्लभ कार्य है मगर श्री कल्याण गुरुकुल एकेडमी शिक्षण संस्थान ऐसा है जो अभिभावकों के बच्चों के भविष्य को उज्जवल करता है। यहां का वातावरण स्वच्छ एवं सुरक्षित है। हमारा विश्वास है कि एक व्यक्ति समाज में सर्वप्रथम परिवार एवं उसके बाद विद्यालय में अपनी नींच का निर्माण करता है। हमारे यहां बच्चों के प्ले व नर्सरी में शिक्षण कार्य ऑडियो विजुअल के माध्यम से कराया जाता है।

संस्था में पढ़ाने वाले शिक्षक अनुभवी तथा प्रशिक्षित है साथ ही विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कम्प्युटर भी सिखाया जायेगा। यहां पर राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मैडल प्राप्त अनुभवी शारीरिक शिक्षक द्वारा बच्चों को विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जायेगा। श्री कल्याण गुरुकुल एकेडमी ग्राम डिग्गी, तहसील-मालपुरा के लिए पीजी से कक्षा 8वीं तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक के साथ-साथ स्कूल ड्रेस, शूज़ भी विद्यालय द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाये जायेंगे।

विद्यालय सम्बन्धी जानकारी के लिए सम्पर्क करें-मोबाईल 9829461061, 9414381359, 9602089463, 9929922148

Shree Kalyan Gurukul Academy
Pinani Road, Diggi
(An English Medium School)

Welcome to School 2024-25

Enter the Door of Future with the BEST EDUCATION

ADMISSION + OPEN
PG to VIII

Interactive & Engaging Activities
1. Regular Outdoors Activities.
2. Educational Trips.
3. Computer Classes.
4. Social Campaign.
5. Stage Exposure.
6. Performing Arts.

WE PROVIDE
1. Free Dresses with Shoes & Socks.
2. Free Course Books.

Our Feature
1. Certified Teacher.
2. Interactive Atmosphere.
3. Good Infrastructure.
4. Quality Education.
5. Serene Environment.
6. Sports Complex .(All Games)

- For students seeking admission in the school, a discount of 10% will be given on depositing the entire school fees in one installment.
- For students seeking admission in the school, a discount of 5% will be given on depositing the school fees in two installments.
- Vehicle's Facility.

9829461061, 9414381359, 9602089463, 9929922148

लोकसभा चुनाव : परंपरागत वोट बैंक को स्थानीय मुद्दों और गहलोत सरकार की योजनाओं के साधने में जुटेगी कांग्रेस

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। राजस्थान लोकसभा चुनाव में पिछले दो बार से खाता नहीं खोल पा रही कांग्रेस ने इस बार जीत की रणनीति में बदलाव किया है। करीब एक दर्जन सीटों पर मजबूती से जीत हासिल करने के लिए कांग्रेस अपने परंपरागत वोट बैंक को पार्टी से जोड़ने की मुहिम पर काम करेगी। कई लोकसभा सीटों पर कांग्रेस अपने प्रचार प्रसार में स्थानीय मुद्दों और गहलोत सरकार की पुरानी योजनाओं के दम पर प्रचार करेगी।

प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों में आधा दर्जन सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस विधायकों की संख्या ज्यादा है। इसके अलावा कुछ सीटों पर कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक काफी प्रभाव रखते हैं। ऐसी आरक्षित सीटों को भी कांग्रेस अपनी चुनावी रणनीति प्लान में शामिल कर रही है। कांग्रेस कैंपेन कमेटी की जल्दी होने वाली बैठक में ऐसी सीटों के लिए संबंधित क्षेत्रीय नेताओं के साथ विचार विमर्श कर रणनीति फाइनल की जाएगी। प्रदेश की 25 सीटों के लिए बिछ चुकी चुनावी बिसात में पहले उन सीटों पर फोकस किया जाएगा, जहां कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का लंबे समय तक राज रहा है।

पूर्व की गहलोत सरकार की योजनाओं का करेंगे प्रचार

आदिवासी बाहुल्य इलाकों, एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बाहुल्य इलाकों में कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर अपने परंपरागत वोट बैंक को कांग्रेस के नीति और सिद्धांत फिर से बताएंगे। लोगों को यह भी बताएंगे कि गहलोत सरकार के समय शुरू कई योजनाओं जैसे चिरंजीवी, निःशुल्क फूड पैकेट, इंदिरा रसोई योजना आदि पर भाजपा सरकार ने कैंची चलाई है। कानून व्यवस्था चरमराने के मुद्दे सहित महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे भी लोगों तक पहुंचाए जाएंगे। जिन विधानसभा में कांग्रेस के विधायक हैं, वहां उन्हें इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। परपंरागत वोट बैंक को स्थानीय मुद्दों के जरिए जोड़ने की इस रणनीति में भाजपा सरकार के केंद्र और राज्य में लिए जा रहे निर्णयों से जनकल्याणकारी योजनाओं के नुकसान से भी लोगों को अवगत कराया जाएगा। कांग्रेस के अग्रिम संगठन एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, सेवादल, सोशल मीडिया विभाग के कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर मोदी सरकार को लेकर तानाशाही और लोकतंत्र समाप्त करने जैसे मुद्दे लोगों तक पहुंचाएंगे।

दिग्गज नेताओं के क्षेत्र में तेज होगा कैंपेन

कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत जालोर सिरोही से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट के अलावा गृह जिले जोधपुर और पाली सीट पर भी कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ने की कोशिश कर रही है। पीसीसी चीफगोविंद सिंह डोटासरा के शेखावाटी क्षेत्र में चूरू, सीकर, झुंझुनूं, नागौर सीटों पर, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अलवर, भरतपुर, कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट के प्रभाव क्षेत्र दौसा, करौली-धौलपुर, भरतपुर, टोंक-सवाईमाधोपुर, अजमेर, कोटा-बूंदी सीटों पर परंपरागत वोट बैंक साधने की विशेष रणनीति बनाई जा रही है। इन क्षेत्रों में जल्दी ही कैंपेन तेज किया जाएगा।

पिछले चुनाव में बढ़त

वाली सीटों पर फोकस विधानसभा चुनाव 2023 के नतीजों के हिसाब से कांग्रेस की बढ़त वाली विधानसभाओं के आंकड़ों का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कांग्रेस की बढ़त वाली 11 लोकसभा सीटों में महज दो सीटों जयपुर ग्रामीण और अलवर में अंतर एक लाख से पार रहा। वहीं तीन सीटों बाड़मेर, गंगानगर और बांसवाड़ा में बढ़त का अंतर एक लाख से वोट से कम अगर 50 हजार वोट से ज्यादा रहा। छह लोकसभा सीटों पर कांग्रेस की बढ़त 50 हजार वोटों से कम रही। कांग्रेस शेखावाटी, हाड़ौती, मारवाड़, पूर्वी राजस्थान की उन लोकसभा सीटों पर अधिक फोकस कर रही है, जहां कांग्रेस विधायकों की संख्या ज्यादा है।

सी-विजिल एप पर अब तक 1,321 शिकायतों का किया निस्तारण

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग का सी-विजिल एप शिकायतों के समाधान का बेहतरीन जरिया बनता जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आचार संहिता लागू होने से अब तक प्रदेशभर में दर्ज 3,156शिकायतों में से सही पाई गई 1,321 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया। गुप्ता ने बताया कि अब तक प्राप्त 3,091 शिकायतों में से 1321 शिकायतों का रिटर्निंग अफसरों ने सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। छह शिकायतें अभी लंबित हैं और 1402 शिकायतें ड्रॉप कर दी गई।

अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आचार संहिता लागू होने से अब तक प्रदेशभर में दर्ज 3,156शिकायतों में से सही पाई गई 1,321 शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया। गुप्ता ने बताया कि अब तक प्राप्त 3,091 शिकायतों में से 1321 शिकायतों का रिटर्निंग अफसरों ने सही पाया और उनका तय समय सीमा में निस्तारण किया गया। छह शिकायतें अभी लंबित हैं और 1402 शिकायतें ड्रॉप कर दी गई।

टोंक जिले में सबसे ज्यादा शिकायतें

सी-विजिल पर सबसे ज्यादा 292 शिकायतें टोंक जिले से मिलीं। इनमें से 220 शिकायतें सही मिलने पर सभी शिकायतों का तय समय में निस्तारण कर दिया गया। टोंक जिले ने छह मिनट 18सैकंड के औसत के समय से इन शिकायतों का निस्तारण किया। इस एप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जाता है। अवैध पोस्टर-बैनर के सबसे ज्यादा 1,428शिकायतें दर्ज हुईं इनमें 1,046शिकायतें सही मिली, जिन पर तुरंत कार्रवाई की गई।

2200 से ज्यादा मतदान बूथों पर होगी लाइव वेब कास्टिंग

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों सहित 2295 चिन्हित मतदान केंद्रों से लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर क्षेत्र में 922 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी, जिसमें हवामहल क्षेत्र में 105, विद्याधर नगर में 137, सिविल लाइन में 104, किशनपोल में 84, आदर्श नगर में 107, मालवीय नगर में 93, सांगानेर में 139 और बगरू में 153 मतदान केंद्र सम्मिलित हैं। जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में 881 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। जिसमें कोटपूतली क्षेत्र में 112, विराटनगर में 110,

निर्वाचन सदन
NIRVACHAN SADAN
भारत निर्वाचन आयोग
ELECTION COMMISSION
OF
INDIA

शाहपुरा में 106, फुलेरा में 125, झोटवाड़ा में 174, आमेर में 136, जमवारामगढ़ में 118मतदान केन्द्र सम्मिलित हैं। दौसा में बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 117 में से126और चाकसू मतदान केन्द्रों की लाइव वेबकास्टिंग होगी। सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 114 मतदान केंद्रों और अजमेर क्षेत्र में समाहित विधानसभा में 135 मतदान केंद्रों पर लाइव वेब कास्टिंग की जाएगी। लाइव वेबकास्टिंग के जरिए बूथों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जयपुर कलेक्ट्रेट में केन्द्रीयकृत नियंत्रण कक्ष की स्थापना भी की जाएगी।

मतदान बूथ के भीतर मतदाता ही प्रवेश करें

अजमेर (*ARK News*)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि 26अप्रैल को मतदान के दिन मतदाताओं को छोड़कर बूथ के भीतर ऐसा कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा जिसके पास निर्वाचन आयोग का कोई मान्य पास नहीं हो। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी मतदान केन्द्र से 200 मीटर की परिधि के बाहर ही अपना चुनावी बूथ सक्षम प्राधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त करते हुए स्थापित कर सकेंगे। इस संबंध में संबंधित विभागों एवं सरकारी प्राधिकारियों से लिखित स्वीकृति भी प्राप्त करनी होगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव बूथ पर केवल पार्टी का एक झण्डा व बैनर लगाया जाना अनुमत होगा। मतदान बूथ पर विशेष संरक्षण प्राप्त व्यक्ति के साथ केवल एक निजी व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी, जिसने अपना फायर आर्म छुपा रखा होगा, अर्थात प्रदर्शित नहीं किया होगा, को ही मतदान बूथ में जाने की अनुमति होगी। निर्वाचन आयोग प्रेक्षकों को नियुक्त करता है। यदि अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं को निर्वाचनों के संचालन के संबंध में कोई विशेष शिकायत या समस्या है तो उसे प्रेक्षक के ध्यान में ला सकते हैं।

लोकसभा में मतदान के अंतिम 48 घंटों के लिए आयोग ने दिए दिशा-निर्देश जारी

उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक कारावास या जुर्माना या दोनों सजा होगी

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। लोकसभा चुनाव में मतदान के अंतिम 48 घंटों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए। प्रथम चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में 17 अप्रैल को शाम छह बजे और द्वितीय चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में 24 अप्रैल को शाम छह बजे प्रचार-प्रसार थम जाएगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव और बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मतदान के अंतिम 48घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48घंटों की अवधि 17 अप्रैल को सायं 6बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति अवधि 19 अप्रैल को सायं 6बजे तक प्रभावी रहेगी। द्वितीय चरण के श्लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों और बागीदौरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए यह अवधि 24 अप्रैल सायं 6बजे से मतदान समाप्ति अवधि 26अप्रैल को सायं 6बजे तक प्रभावी रहेगी।

ये नहीं कर सकेंगे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन वाले 48 घंटों की अवधि में निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलाएगा और नहीं आयोजित करेगा। न कोई उसमें उपस्थित होगा और नहीं उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा। इसके साथ ही चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधनों के माध्यम से जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा। कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद-प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से आयोजन नहीं करेंगे। ऐसे आयोजन की व्यवस्था कर जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति यदि इन उपबंधों का उल्लंघन करता है तो दो वर्ष तक कारावास या जुर्माना या दोनों सजा होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से निर्देशित किया है कि कोई भी राजनीतिक व्यक्ति जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता या अभ्यर्थी नहीं है अथवा सांसद या विधायक नहीं हैए वह उस निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद नहीं ठहर सकता।

यह भी निर्देश है कि राज्य की सुरक्षा कवच प्राप्त राजनैतिक व्यक्ति, यदि निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता है तो वह अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद क्षेत्र में आवाजाही नहीं करेगा। गुप्ता ने बताया कि इन निर्देशों की पालना निर्वाचन मशीनरी एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित करने के निर्देश आयोग ने दिए हैं।

प्रदेश में संवेदनशील पोलिंग बूथों की संख्या बढ़ी 2019 में 11,620 थे, अब बढ़कर 13,702 हो गए

Website:awazrajasthanki.com

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। निर्वाचन विभाग ने लोकसभा के 19 व 26अप्रैल को होने वाले चुनाव की तैयारी कर ली है। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में न केवल पोलिंग बूथ बल्कि संवेदनशील की संख्या का ग्राफमें इजाफा हुआ है। वर्ष 2019 में संवेदनशील मतदान केन्द्रों को संख्या 11 हजार 620 थे, जो अब बढ़कर 13 हजार 702 तक पहुंचा। यानी 2082 संवेदनशील बूथों की संख्या बढ़ना शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाना चुनौती है। पिछले लोकसभा में पोलिंग बूथ की संख्या 51 हजार 965 थी, जो बढ़कर अब 53 हजार 126हो चुकी है। खास बात ये है कि 20 क्षेत्र ऐसे है, जहां पर 2 हजार से ज्यादा पोलिंग बूथ है। बीकानेर, झुंझुनूं, करौली-सवाईमाधोपुर, दौसा और अजमेर पांच ऐसे क्षेत्र है, जहां पर 2 हजार से भी कम बूथ हैं।

प्रदेश में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 53 हजार 126

मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथों की संख्या बढ़ाई है। जिससे वोट डालने के लिए जाने पर किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। देश के पहले लोकसभा चुनाव, में मतदान के लिए देशभर में कुल 1,32,560 मतदान केंद्र बनाए गए थे। 2019 में मतदान केंद्रों की संख्या करीब 10 गुना बढ़ गई और 10,37,848पोलिंग बूथ पर मतदान हुआ। 1951.52 में एक ऐसा पोलिंग बूथ था जिस पर सिर्फ9 मतदाता पंजीकृत थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में एक और रिकॉर्ड बना। गुजरात के गिर सोमनाथ और ऊना में दो ऐसे पोलिंग बूथ थे, जहां सिर्फ एक-एक मतदाता पंजीकृत थे। प्रदेश में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 53 हजार 126है। इनमें से प्रथम चरण में सहायक मतदान केन्द्रों की संख्या 1095 और दूसरे चरण की संख्या 275 शामिल है।

प्रदेश में 25 सीटों की तस्वीर साफ

सीट	भाजपा	कांग्रेस
1. अजमेर	भागीरथ चौधरी	रामचंद्र चौधरी
2. अलवर	भूपेंद्र यादव	ललित यादव
3. बांसवाड़ा (एसटी)	महेंद्रजीत मालवीया	अरविंद डामोर
4. बाड़मेर	कैलाश चौधरी	उम्मेदाराम बेनीवाल
5. भरतपुर (एससी)	रामस्वरूप कोली	संजना जाटव
6. भीलवाड़ा	दामोदर अग्रवाल	डॉ. सीपी जोशी
7. बीकानेर (एससी)	अर्जुनराम मेघवाल	गोविंदराम मेघवाल
8. चित्तौड़गढ़	सीपी जोशी	उदयलाल आंजना
9. चूरू	देवेंद्र झाझड़िया	राहुल कस्वां
10. दौसा (एसटी)	कन्हैयालाल मीणा	मुरारीलाल मीणा
11. श्रीगंगानगर (एससी)	प्रियंका बैलान	कुलदीप इंदौरा
12. जयपुर	मंजू शर्मा	प्रतापसिंह खाचरियावास
13. जयपुर ग्रामीण	राव राजेंद्र सिंह	अनिल चौपड़ा
14. जालौर	लुम्बाराम चौधरी	वैभव गहलोत
15. झालावाड़-बारां	दुष्यंत सिंह	उर्मिला जैन भाया
16. झुंझुनूं	शुभकरण चौधरी	बृजेंद्र ओला
17. जोधपुर	गजेंद्र सिंह शेखावत	करणसिंह उचियारड़ा
18. करौली-धौलपुर (एससी)	इंदुदेवी जाटव	भजनलाल जाटव
19. कोटा	ओम बिरला	प्रहलाद गुंजल
20. नागौर	ज्योति मिर्धा	हनुमान बेनीवल (रालोपा)
21. पाली	पीपी चौधरी	संगीता बेनीवाल
22. राजसमंद	महिमा सिंह	डॉ. दामोदर गुर्जर
23. सीकर	सुमेधानंद सरस्वती	अमराराम (सीपीआईएम)
24. टोंक-सवाई माधोपुर	सुखबीर जौनापुरिया	हरीश मीणा
25. उदयपुर (एसटी)	मन्नालाल रावत	ताराचंद मीणा

जुलूस के आयोजक करें आदर्श आचार संहिता की पालना

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। राजनीतिक दलों और लोकसभा चुनाव के अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता की पालना के तहत जुलूस निकालने से पूर्व समय रहते जिला निर्वाचन कार्यालय को लोकसभा चुनाव-2024 वांछित सूचना देनी होगी।

किसी भी राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी द्वारा चुनाव प्रचार के काफिलों में 10 से अधिक वाहन नहीं रखे जाएंगे। यदि वाहनों की संख्या 10 से अधिक है, तो उक्त 10 वाहनों के मध्य 100 मीटर की दूरी सुनिश्चित करनी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि जुलूस का आयोजन करने वाले दल या अभ्यर्थी को जुलूस शुरू करने का स्थान और समय, जुलूस के मार्ग और

जुलूस समाप्त होने का स्थान और समय पहले से ही तय करना होगा। साधारण तौर पर कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं होगा। आयोजकों को स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को कार्यक्रम की अग्रिम सूचना देनी होगी ताकि वे आवश्यक व्यवस्था कर सकें। आयोजक यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन इलाकों से जुलूस निकालना है, क्या उन इलाकों में कोई प्रतिबन्ध आदेश लागू है। यदि है तो प्रतिबन्ध आदेशों की पालना करनी होगी। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से रियायत नहीं दी गई है। आयोजकों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जुलूस के कारण यातायात में कोई रुकावट या बाधा न आए। यदि जुलूस बहुत लंबा हो तो उसे उचित लंबाई के कई हिस्सों में आयोजित किया जाए।

ड्यूटी पर तैनात पुलिस के निर्देशों और सलाहों की कड़ाई से पालना की जाए। उन्होंने बताया कि यदि दो या अधिक राजनीतिक दल या अभ्यर्थी जुलूस को समान रास्तों या उसके किसी भाग से एक ही समय पर ले जाने का प्रस्ताव देते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों जुलूस आपस में न टकराएं या यातायात में बाधा उत्पन्न न करें। आयोजक अग्रिम रूप से संपर्क करेंगे और अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में निर्णय लेंगे। संतोषजनक व्यवस्था पर पहुंचने के लिए स्थानीय पुलिस की सहायता लेनी होगी।

अजमेर ने दिए लोकसभा को 14 सांसद, दो ही बने केंद्रीय मंत्री

रावत 5 बार बने सांसद, रघु का कार्यकाल मात्र 11 माह का

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। शैक्षिक-धार्मिक और पर्यटन नगरी होने के कारण अजमेर की काफी अहमियत रही है। वर्ष 1956में राजस्थान में विलय से पहले यह केंद्र शासित प्रदेश रहा। देश में संसदीय प्रणाली लागू होने के बाद हुए आम चुनाव में अजमेर अब तक 14 सांसद दे चुका है, लेकिन इनमें से दो सांसद ही केंद्रीय मंत्री रहे हैं। देश में आम चुनाव की शुरुआत 1952 में हुई। तब केंद्र शासित प्रदेश होने से अजमेर में दो लोकसभा थीं। पहले लोकसभा चुनाव में अजमेर से प्रसाद शर्मा और ज्वाला मुकुट बिहारीलाल भार्गव सांसद निर्वाचित हुए। शर्मा तत्कालीन नगर परिषद के सभापति, रोडवेज के चेयरमैन रहे। भार्गव 1967 तक लगातार तीन बार सांसद बने। कानूनविद् होने के कारण उन्हें संविधान सभा में शामिल किया गया। उनके बाद 1971 और उसके बाद 1976तक बी.एन. भार्गव सांसद रहे।



2009 में पायलट बने केंद्रीय मंत्री

2009 में अजमेर से सचिन पायलट सांसद निर्वाचित हुए। उन्हें तत्कालीन मनमोहनसिंह सरकार में संचार और आईटी राज्य मंत्री बनाया गया। इसके बाद 2012 से 2014 तक वह कॉर्पोरेट मामलात मंत्री रहे। पहली बार अजमेर को केंद्रीय मंत्रीमंडल में प्रतिनिधित्व मिला।

2014 में सांवरलाल बने मंत्री

2014 में प्रो. सांवरलाल जाट अजमेर से सांसद बने। उन्हें नरेंद्र मोदी 1.0 सरकार में जल संसाधन और गंगा पुनरुत्थान राज्यमंत्री बनाया गया। 2017 में उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद उप चुनाव करवाये गये। तब यहां से कांग्रेस के रघु शर्मा चुनाव जीते

977 से 2004 तक सिर्फसांसद

1977 में श्रीकरण शारदा, 1980 में भगवानदेव आचार्य, 1984 में विष्णु मोदी, 1989, 1991, 1996, 1999, 2004 से 2009 तक रासासिंह रावत व 1998 में प्रभा ठाकुर सांसद रहीं।

रघु-भागीरथ रहे सांसद

2018 में हुए उपचुनाव में डॉ. रघु शर्मा सांसद बने। उनके बाद 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भागीरथ चौधरी सांसद बने। दोनों केंद्रीय मंत्री नहीं रहे।

लोकसभा आम चुनाव-2024

अजमेर संसदीय क्षेत्र में है 19 लाख 95 हजार से अधिक मतदाता

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए अजमेर संसदीय क्षेत्र में 19 लाख 95 हजार 699 मतदाता हैं। इनमें से 10 लाख 14 हजार 988पुरूषए 9 लाख 80 हजार 684 महिला तथा 27 तृतीय लिंग मतदाता है।

अजमेर संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र दूदू में कुल 2 लाख 55 हजार 176में से एक लाख 31 हजार 459 पुरूष, एक लाख 23 हजार 716महिला एवं एक तृतीय लिंग मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ में कुल 2 लाख 85 हजार 473 में से एक लाख 46हजार 558पुरूष, एक लाख 38हजार 913 महिला एवं 2 तृतीय लिंग मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र पुष्कर में कुल 2 लाख 54 हजार 145 में से एक लाख 30 हजार 28पुरूष, एक लाख 24 हजार 116महिला एवं एक तृतीय लिंग मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र अजमेर उत्तर में कुल 2 लाख 12 हजार 958में से एक लाख 6हजार 869 पुरूष, एक लाख 6हजार 74 महिला एवं 15 तृतीय लिंग मतदाता है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र अजमेर दक्षिण में कुल 2 लाख 12 हजार 822 में से एक लाख 6हजार 167 पुरूष, एक लाख 6हजार 654 महिला एवं एक तृतीय लिंग मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र नसीराबाद में कुल 2 लाख 35 हजार 118में से एक लाख 19 हजार 662 पुरूष, एक लाख 15 हजार 453 महिला एवं 3 तृतीय लिंग मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र मसूदा में कुल 2 लाख 75 हजार 317 में से एक लाख 40 हजार 114 पुरूष, एक लाख 35 हजार 200 महिला एवं 3 तृतीय लिंग मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र केकड़ी में कुल 2 लाख 64 हजार 690 में से एक लाख 41 हजार 131 पुरूषए एक लाख 34 हजार 558महिला एवं एक तृतीय लिंग मतदाता है।

अजमेर अभियंता संस्थान का होली मिलन समारोह-2024 सम्पन्न

शत प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। अजमेर अभियंता संस्थान के तत्वावधान में माकड़वाली रोड स्थित संस्थान परिसर में होली मिलन समारोह-2024 का आयोजन किया। समारोह के दौरान सदस्यों एवं उनके परिवारजनों द्वारा फूलों की होली खेली गई। इस अवसर पर ओशिका, शुभी एवं गीतांशी ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। अरूण माथुर ने हास्य कविता पाठ कर दर्शकों का मनमोह लिया संस्थान के दस सदस्यों ने मनमहोक गीतों की प्रस्तुति दे दर्शकों को डांस करने पर मजबूर कर दिया। संस्थान के अध्यक्ष राजीव तोषनीवाल ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संस्थान अपने सदस्यों से लगातार संपर्क बनाए रखने के लिए इस तरह के आयोजन करता आ रहा है।

होली मिलन समारोह में बाम्बे बैण्ड द्वारा मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों को वी.के. शर्मा द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों में पूर्ण मतदान करने एवं करवाने के लिए भी संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर विभिन्न फर्मों जैसे शगुन मार्बल, अर्श विजन, गुरु कृपा टेस्टिंग लैब, रौनक ट्रेडर्स एवं सराना ट्रेडर्स द्वारा भी सभी इंजीनियर्स एवं उनके परिवारजनों को होली की बधाईयां प्रेषित की।

संस्थान सचिव अरविंद अजमेरा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिसर में शीघ्र ही बिलियर्ड की टेबिल लगने वाली है। प्रतिदिन परिसर में लगभग 35 सदस्यों द्वारा विभिन्न खेलों में भाग ले कर संस्थान को जीवंत बनाए रखने का कार्य भी किया जा रहा है।

उन्होंने सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर परिसर में उपलब्ध खेलों के संस्थानों का उपयोग करने की अपील भी की। अंत में उन्होंने सभी सदस्यों को होली की हार्दिक बधाईयां देते हुए समारोह में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं सभी सदस्यों द्वारा परिसर में बन रहे बैडमिंटन शेड का निरीक्षण भी किया गया।

---

19 लाख 95 हजार 699 मतदाता करेंगे मतदान

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। अजमेर लोकसभा क्षेत्र के लिए आगामी 26अप्रैल को होने वाले मतदान के दिन संसदीय क्षेत्र के 8विधानसभा क्षेत्रों के कुल 19 लाख 95 हजार 699 मतदाता, मतदान कर सकेंगे। इनमें 10 लाख 14 हजार 988पुरुषए 9 लाख 80 हजार 684 महिला मतदाताओं सहित 27 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक 2 लाख 85 हजार 473 मतदाता किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 2 लाख 12 हजार 822 मतदाता अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में हैं।

विधानसभा	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल मतदाता
दूदू	131459	123716	01	255176
किशनगढ़	146558	138913	02	285473
पुष्कर	130028	124116	01	254145
अजमेर उत्तर	106869	106074	15	212958
अजमेर दक्षिण	106167	106654	01	212822
नसीराबाद	119662	115453	03	235118
मसूदा	140114	135200	03	275317
केकड़ी	134131	130558	01	264690
कुल मतदाता	1014998	980684	27	1995699

किसी भी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस

अजमेर। अजमेर संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों में से शनिवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक के निर्धारित समय में किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। जिसके चलते भाजपा, कांग्रेस सहित 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि 8अप्रैल है।

आओ बूथ चलें अभियान-मतदाता मार्गदर्शिका व पर्ची का होगा वितरण

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 14 एवं 21 अप्रेल को आओ बूथ चलें अभियान के तहत मतदान केन्द्रों पर मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार आओ बूथ चलें अभियान के दृष्टिगत 14 एवं 21 अप्रैल रविवार को मतदाता परिवारों को मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण, मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम व क्रमांक की जानकारी प्रदान करना, वीएचए एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम देखने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान सी-विजिल एप पर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की प्रक्रिया, अपने उम्मीदवार को जानो, मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पर पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया आदि सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। मतदाताओं की सहायता के लिये वोटर हेल्प डेस्क गठन की जानकारी, विशेष योग्यजन व वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए वॉलिंटियर की नियुक्ति की जानकारी, मतदान केन्द्र में रैम्प, व्हीलचेयर एवं परिवहन सुविधा की जानकारी दी जाएगी। मतदान केन्द्र पर सेल्फी लेकर सीईओ राजस्थान की साईट पर पोस्ट करने पर सर्टिफिकेट एवं बेस्ट सेल्फी को सम्मानित करने की जानकारी दी जाएगी। मतदान केन्द्र पर प्रथम 5 मतदाताओं से वृक्षारोपण करवाया जाएगा। मतदान केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता का संदेश प्रदान किया जाएगा।

पंचायत समिति भिनाय के प्रधान सम्पतराज जैन के विरूद्ध चुनाव याचिका कोर्ट ने की खारिज

Website:awazrajasthanki.com

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

भिनाय (*ARK News*)। पंचायत समिति भिनाय के प्रधान के निर्वाचन के विरूद्ध दायर याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया। जिसके बाद भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई।

यह है मामला

प्रकरण के अनुसार प्रधान चुनाव के दौरान भाजपा व कांग्रेस दोनों दलों ने अपने जीते हुए सदस्यों को बाड़ाबंदी में रखा था। लेकिन मतदान से पूर्व भाजपा सदस्यों में खेला हो गया। भाजपा के निर्वाचित सदस्य बाड़ाबंदी से निकलकर खुली सांस में निकल पड़े जिसका कांग्रेस इंतजार कर रही थी। आखिरकार वही हुआ। भाजपा के 12 व कांग्रेस के छह सदस्य निर्वाचित ना हुए थे। वहीं एक निर्दलीय के रूप में पुष्पलता तिवाड़ी निर्वाचित हुई थी। लेकिन मतदान करने भाजपा के 8सदस्य, एक निर्दलीय व कांग्रेस के सभी ननिर्वाचित सदस्यों ने मतदान किया था, मतदान के बाद परिणाम चौकाने वाला आया। भाजपा के एक सदस्य ने क्रॉस वोटिंग कर भाजपाइयों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींच दी। वहीं निर्दलीय सदस्य द्वारा भाजपा के पक्ष में मतदान करने की खबर ने ढाढस बंधाया। मतगणना के बाद परिणाम में भाजपा के सम्पतराज जैन एक वोट से विजयी घोषित हुए। प्रधान चुनाव के दौरान चुनाव एक निर्वाचित सदस्य राजू सिंह रावत ने मतदान केंद्र के अंदर वोट कास्ट करते की मोबाइल से फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

कांग्रेस के शर्मा ने जताई आपत्ति

जिस कांग्रेस के पंचायत समिति सदस्य राकेश कुमार शर्मा ने जिला जज अजमेर के समक्ष निर्वाचित प्रधान सम्पतराज जैन के चुनाव के विरूद्ध याचिका प्रस्तुत कर दी। जिसे न्यायालय द्वारा सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-1 अजमेर में हस्तान्तरित कर दी। याचिका में राकेश कुमार शर्मा द्वारा उक्त चुनाव में गोपनीयता भंग करने व निर्वाचन नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया तथा प्रधान के चुनाव को रद्द किए जाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें बताया कि पंचायत समिति सदस्य राजू सिंह रावत ने मतदान केन्द्र के अंदर अपने मत पत्र की फोटो मोबाइल से खींच कर सोशल मीडिया पर वायरल की तथा इस प्रकार एक ओर मत पत्र का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। उन्होंने याचिका में बताया कि उक्त फोटो को राजूसिंह हीरापुरा की सोशल मीडिया की आईडी पर पोस्ट कर वायरल किए जाने की भी जानकारी दी। उन्होंने, मत पत्रों को वायरल कर मत की गोपनीयता को भंग करने का आरोप लगाया तथा साक्ष्य में प्रार्थी राकेश कुमार शर्मा की साक्ष्य कराई गई। किन्तु प्रार्थी राकेश कुमार शर्मा द्वारा लगाये गए उक्त सभी आरोप वह साबित नहीं कर सके। जिस पर अप्रार्थी संख्या-2 प्रधान सम्पतराज की ओर से अधिवक्ता अजय वर्मा, रमेश वर्मा, राज उपाध्याय ने बहस के दौरान कथन किया कि प्रधान के चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई गोपनीयता भंग नहीं हुई है एवं ना ही निर्वाचन के नियमों का उल्लंघन किया ण् गया है। उक्त चुनाव पूर्णतया विधि के प्रावधानों के अनुरूप विधि सम्मत तरीके से निर्वाचन अधिकारी द्वारा निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराए गए। न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं अपर न मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-1 न अजमेर के पीठासीन अधिकारी गौरव गर्वा ने चुनाव याचिका को आज खारिज कर दिया। जिसके बाद भाजपा से निर्वाचित सदस्यों व भाजपाइयों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

बड़ल्या सरपंच पंवार ने सौंपा स्वैच्छिक त्यागपत्र

(आवाज़ राजस्थान की, कार्यालय संवाददाता)

अजमेर (*ARK News*)। अजमेर ग्रामीण पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बड़ल्या के सरपंच ज्ञान सिंह पंवार ने ज्ञानसिंह पंवार ने विकास अधिकारी शिवदान सिंह को स्वैच्छिक त्यागपत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि लम्बे समय से वे हैपेटाइटस-बी से पीड़ित हैं। अब बीमारी लीवर सिरोसिस का रूप ले चुकी है। उन्हें अब पूर्णतः विश्राम की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वे ग्राम पंचायत के विकास में हमेशा तत्पर रहे। विकास कार्य प्रभावित नहीं हो इसके लिए विकल्प के रूप में एक साल के शेष कार्यकाल में और काम हो। उल्लेखनीय है कि पंवार पूर्व में सरकारी स्कूल में फिजिक्स के लेक्चरर रहे। कई निजी विद्यालयों में निःशुल्क फिजिक्स की क्लास लेकर भी पढ़ाया।

आवाज़ राजस्थान की साप्ताहिक के स्वत्वधिकारी, प्रकाशक एवं सम्पादक विजय कुमार पाराशर के लिए मुद्रक मंगनाराम चौधरी द्वारा चौधरी ऑफसेट गली नं. 5, बी-न्यू गोविन्द नगर, रामगंज, अजमेर से मुद्रित करवाकर कार्यालय-II फ्लोर, पाराशर बिल्डिंग मामा की दुकान, फॉयसागर रोड़, अजमेर से प्रकाशित किया-सम्पादक विजय कुमार पाराशर। मोबाईल-9414302519, e-mail : awazrajasthanki2004@gmail.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र अजमेर रहेगा)